विधानसभा / महत्वपूर्ण

कार्यालय संचालक

संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@gov.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 554/ संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रति,

1. **कलेक्टर,**
जिला–कोरबा,
छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 2291 तारांकित द्वारा श्री ब्यास कश्यप, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।

---00---

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 2291 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 28.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से (तारांकित प्रश्नों का अतिरिक्त जानकारी के साथ) भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 555/ संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

प्रतिलिपि :–

खाद्य अधिकारी, जिला–कोरबा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **09/03/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **16/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम कोरबा द्वारा अमानक चावल की खरीदी**

(**तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **2291**) **श्रीब्यास कश्यप**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या कोरबा जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के अंतर्गत संचालित संग्रहण केन्द्रों/गोदामों में दूसरे जिले की आईडी एवं ओटीपी का उपयोग कर अमानक (सब स्टेंडर्ड) चावल की खरीदी की गई ? यदि हां, तो संबंधित प्रकरण में किन-किन जिलों के अधिकारियों/कर्मचारियों की आईडी का उपयोग किया गया ? (ख) कुल कितनी मात्रा में अमानक/घटिया चावल की खरीदी की गई? उसकी अनुमानित वित्तीय राशि कितनी है? क्या गुणवत्ता परीक्षण (क्वालिटी इंस्पेक्शन) नियमानुसार किया गया था? यदि किया गया तो अमानक चावल कैसे स्वीकार हुआ? (ग) प्रकरण में अब तक किन अधिकारियों/कर्मचारियों को निलंबित/हटाया गया है? क्या किसी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है? विवरण प्रदान करें?

Sent From : vidhan | **Sent Date :** 25/02/2026 10:40:15 |

Remark :

कोरबा।
नान।